# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 8 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







दर्दनाक हादसा : प्याज रोटी लेकर घर को निकले, 35 किलोमीटर के बाद थक कर सोए और बिछ गई लाशें

# 16 श्रमिकों की मौत, पांच घायल

**डेली संवौद, नई दिल्ली।**

औरंगाबाद में शुक्रवार को एक मालगाड़ी ट्रेन ने पटरी पर सो रहे प्रवासी मजदूरों को रौंद डाला, जिसमें 16 श्रमिकों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। घायल मजदूरों को औरंगाबाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज हो रहा है। मृतक मजदूर मध्य प्रदेश के बताए जा रहे हैं।



दरअसल, औरंगाबाद से घर वापसी की ओर कदम बढ़ा रहे ये प्रवासी मजदूर 35 किलोमीटर पैदल चले थे, मगर रास्ते में चलते-चलते उन्हें थकावट महसूस हुई और पटरी पर ही झपकी लेने लगे। मगर उन्हें कहां पता था कि उनकी ये झपकी, मौत में बदल जाएगी। 35 किलोमीटर चलने के बाद ये सभी मजदूर पटरी पर ही आराम करने लगे। सुबह करीब सवा पांच बजे के वक्त ये सभी गहरी नींद में सो रहे थे। तभी ट्रेन आती है और इन्हें रौंद डालती है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, साउथ सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राकेश ने कहा कि घटना सुबह 5.15 बजे की है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जालौन से भुसावल जा रहे मजदूर मध्य प्रदेश लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि वे सभी मजदूर रेल की पटरियों पर चल रहे थे और थकावट के कारण पटरियों पर ही सो गए थे। रेल मंत्रालय ने बताया कि मजदूरों को रेलवे ट्रैक पर देखते ही मालगाड़ी के लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने की कोशिश की, मगर वह हो नहीं सका। हादसे में घायल लोगों को औरंगाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

भारतीय सेना की बड़ी कार्रवाई

## 3 से 4 पाकिस्तानी सैनिकों को किया ढेर- 4 चौकियां भी की तबाह

**डेली संवाद, श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में पिछले 3 दिनों से पाकिस्तानी सेना की फायरिंग का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। ताजा मिली खबर के मुताबिक, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 3 से 4 जवान मारे गए हैं, जबकि 5 जवानों के बुरी तरह घायल होने की भी खबर है। भारतीय सेना की इस भीषण कार्रवाई में 4 पाकिस्तानी चौकियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। बता दें कि कोरोना काल में भी पाकिस्े तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। नियंत्रण रेखा पर लगातार पिछले कई दिनों से संघर्ष विराम का उल्े लंघन करते हुए फायरिंग कर रहा है। भारतीय जवानों ने भी पाकिस्तान की इस गुस्ताखी को माफ



नहीं किया और त्वरित कार्रवाई की। पिछले महीने भी कुपवाड़ा जिले के रंगवार क्षेत्र में पाकिस्तानी फायरिंग में तीन नागरिकों की मौत हो गई थी। इससे पहले पुंछ और कठुआ जिलों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास पाकिस्तानी सेना ने अकारण गोलीबारी की और मोर्टार दागे, जिसमें 45 वर्षीय एक महिला घायल हो गई थी।

## नवांशहर में एयरफोर्स का मिग-29 विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित

**डेली संवाद, नवांशहर**

भारतीय वायु सेना का एक लड़ाकू विमान नवांशहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राज्य के नवांशहर में एयरफोर्स का मिग-29 विमान क्रैश हुआ है। जानकारी के अनुसार इस हादसे से पहले पायलट सुरक्षित बाहर आ गया था। नवांशहर जिले के रुरकी कलां गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त विमान के बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी होशियारपुर गौरव गर्ग ने कहा कि विमान से पायलट को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया है और अब उसे चेकअप के लिए होशियारपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के वीडियो में देखा जा सकता



है कि विमान का मलबा खाली खेतों में पड़ा है और इससे आग की लपटें उठ रही हैं। घटना दोपहर 11 बजे की है। स्थानीय लोगों ने हवा में उड़ते एक विमान में आग लगी देखी, जो कुछ देर बाद एक खेत में जाकर गिरा। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है इस दौरान उन्होंने लड़ाकू विमान के पायलट को समय रहते विमान से बाहर निकलते देखा था।

### शहर के बाहरी इलाकों में कर्फ्यू का सख्ती से पालन

**जालंधर ।** कोविड-19 को लेकर डेढ़ माह से चल रहे कर्फ्यू के पालना में शहर के मुकाबले बाहरी इलाके के लोग ज्यादा समझदारी दिखा रहे हैं। न सड़कों पर लोगों की भीड़ है, न ही गली-मोहल्ले में टाइम पास करने वालों का झुंड। इस कारण से पुलिस की गश्त भी न के बराबर है और पुलिस का नाका सिर्फ मेन रोड तक ही सीमित है। यही बड़ा कारण है कि शहर के अंदरूनी इलाके के मुकाबले बाहरी इलाके में कोरोना के पॉजिटिव मरीज से लेकर वायरस का संक्रमण अब तक नियंत्रण में है।

## विशाखापत्तनम गैस रिसाव कांड : एनजीटी ने एलजी पॉलिमर्स इंडिया पर ठोंका 50 करोड़ का अंतरिम जुर्माना

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में वीरवार को हुए गैस रिसाव कांड के मामले में एलजी पॉलिमर्स इंडिया पर 50 करोड़ रुपये का अंतरिम जुर्माना लगाया गया है। एनजीटी ने जुर्माना लगाते हुए केन्द्र तथा अन्य से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने गैस लीक मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की और उसे 18 मई से पहले रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा।

पीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया सामने आई जानकारी के अनुसार इस घटना में लोगों की जान गई, जन स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान हुआ है,



हम एलजी पॉलिमर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 50 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि जमा कराने के निर्देश देते हैं। यह राशि कंपनी के वित्तीय मूल्य और उससे हुई क्षति की सीमा के संबंध में तय की जा रही है। अधिकरण ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, एल जी पॉलिमर्स इंडिया, आंध्र प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विशाखापत्तनम जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किये और उनसे मामले की अगली सुनवाई 18 मई से पहले जवाब मांगे। अधिकरण ने कहा कि स्टाइरीन गैस एक खतरनाक रसायन है, जिसे अनुसूची 1 की प्रविष्टि 583 के साथ नियम 2 (ई) के तहत परिभाषित किया जाता है, जो खतरनाक रासायनिक नियमों, 1989 के निर्माण, भंडारण और आयात से संबंधित है।

## कॉलेज स्टूडेंट्स को सुप्रीम कोर्ट से मिली निराशा, नहीं मिलेगी फीस में छूट

**नई दिल्ली** : कोरोना से आई तबाही के बीच फीस में राहत की उम्मीद लगाए बैठे कॉलेज स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों को सुप्रीम ने तगड़ा झटका दिया है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारें प्राइवेट स्कूलों से बच्चों की फीस न बढ़ाने की अपील कर चुकी हैं. लेकिन इस बीच देश के सर्वोच्च न्यायालय ने कॉलेज छात्रों को राहत देने से इंकार कर दिया है। दरअसल, प्राइवेट कालेजों में छात्रों को फीस देने में छूट दिलाने से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया है। कोर्ट शुक्रवार



को कहा कि अगर फीस नहीं मिलेगी को कालेज कैसे चलेगें. वो अपने स्टाफ को वेतन कहां से देंगे। इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि छात्रों और कालेज प्रशासन के बीच कुछ बैलेंस ही करवा दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने इससे भी इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि संबंधित यूनिवर्सिटी से खुद बात करें।

### डंप के खिलाफ दुकानदारों व ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन

**भुच्चो मंडी ।** बस स्टैंड भुच्चो मंडी के दुकानदारों व गुरु तेग बहादर ऑटो चालक यूनियन के सदस्यों ने सफाई सेवकों की ओर से बस स्टैंड में बनाए गए कूड़े के आरजी डंप के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप नेता लखबीर सिंह काका, ऑटो यूनियन के अजायब सिंह, दुकानदार बूटा सिंह व गुरतेज सिंह ने कहा कि लॉकडाउन के चलते उनकी दुकानें काफी देर से बंद थी ।

## स्टूडेंट्स की टेंशन खत्म, 1 से 15 जुलाई के बीच होंगी सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बची हुई परीक्षाएं

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

देश के लाखों स्टूडेंट्स का इंतजार आज खत्म हो गया है। सीबीएसई ने बची हुई बोर्ड परीक्षाओं की तिथियों का ऐलान कर दिया है। सीबीएसई की 10वीं और 12वीं क्लास की बची हुई बोर्ड परीक्षाएं 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच होंगी। उक्त जानकारी मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्वीट करके दी। एचआरडी मंत्री ने ट्वीट करते हुए कहा, लंबे समय से सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बची हुई परीक्षाओं की तिथि का इंतजार था। आज इन परीक्षाओं की तिथि 1.07.2020 से 15.07.2020 के बीच में निश्चित कर दी गई है, मैं इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। कुछ दिन पहले ही मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने बच्चों से बात करने के दौरान बताया था कि जल्द ही परीक्षाएं होंगी। इसके बाद अब सीबीएसइ ने परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। कोरोनावायरस महामारी की वजह से देश भर में लॉकडाउन किया गया है। लॉकडाउन की वजह से देश भर में स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और अन्य शैक्षिक संस्थान बंद हैं। इसी वजह से परीक्षाएं भी स्थगित हुई थीं। बता दें कि सीबीएसई का कहना था कि अगर उन्हें दस दिन का भी समय दिया जाएगा तो वो बची हुई परीक्षाएं पूर्ण कराके मूल्यांकन का काम शुरू कर सकते हैं। अब ये तिथियां घोषित होने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि सीबीएसई अगस्त में रिजल्ट भी घोषित कर देगा।

## जालंधर में आज 7 नए कोरोना मरीज मिले, इसमें 1 साल का बच्चा भी शामिल

**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब में कोरोना का कहर जारी है। जालंधर में शुक्रवार को 7 नए कोरोना के मामले सामने आए हैं। जिससे जालंधर में अब मरीजों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है।

जानकारी के मुताबिक कोरोना पाजीटिव में 4 पुरुष और 2 महिला एवं 1 चार साल का बच्चा शामिल है। इसमें 3 मरीज हजूर साहिब से आए है। जिनको मेरिटोरियस स्कूल में रखा गया है। 3 मरीज हरगोविंद नगर, 1 बस्ती दानिशमंदा का रहने वाला है। 7 मामलों के बाद जिले में कुल 155 मरीज हो गए है।




### फगवाड़ा में 5 नए कोरोना मरीज मिले

**डेली संवाद, फगवाड़ा**

पंजाब के फगवाड़ा में शुक्रवार को 5 लोग कोरोना के संक्रमित पाए गए हैं। इनकी रिपोर्ट पाजीटिव आई है। इन पांचों के संपर्क में आने वाले 6 अन्य लोगों को कोरनटाइन कर दिया गया है।

## राजस्थान बॉर्डर पर 8 घंटे संघर्ष चला और अंत में पंजाब वाले ले आए दुल्हनिया

**मुक्तसर ।** वीरवार को मुक्तसर के मलोट से श्रीगंगानगर गए दूल्हे ने 8 घंटे के संघर्ष के बाद आखिरकार अपनी दुल्हनिया को ले ही आया। दूल्हे के पास पंजाब की अनुमति तो थी, लेकिन राजस्थान बॉर्डर सील होने से वीरवार सुबह उसे खारिज



कर दिया गया। इस कारण अधिकारियों ने दूल्हे को श्रीगंगानगर में एंट्री देने से मना कर दिया। ऐसे में दूल्हा-दूल्हन को दोबारा अनुमति लेने को 8 घंटे संघर्ष करना पड़ा। केमिस्ट्री देखिए, दूल्हा राजस्थान के बॉर्डर पर अफसरों को मनाता रहा और दुल्हन सचिवालय में अनुमति लेने पहुंची। बॉर्डर पर नाकाबंदी सख्त है। वीरवार सुबह 10 बजे का समय है। मलोट से मां तारादेवी के साथ शेरवानी पहने दूल्हा अक्षय कुमार पहुंचा। नायब तहसीलदार को दस्तावेज दिखाए।

### दो भाइयों की लड़ाई में बीच-बचाव के लिए गए पड़ोसियों पर फायरिंग

**अमृतसर ।** थाना घरिंडा पुलिस ने हरपाल सिंह निवासी रणीके की शिकायत पर राजबीर सिंह निवासी रणीके के खिलाफ हत्या का प्रयास और असलाह एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 2 मई की शाम 7.30 बजे उन्होंने पड़ोसी गुरबिंदर सिंह के घर में शोर-शराबा सुना तो वह और उसकी ताई रसाल कौर दौड़ कर उनके घर पहुंचे।






## अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी को एएसआई ने मारी गोली, मौत,

**कपूरथला।** कपूरथला जिले के गांव लखन के पड्् डे में गुरुवार देर रात खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरविंदरजीत सिंह उर्फ पड्डु पहलवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप पंजाब पुलिस के एएसआई परमजीत सिंह और उसके साथी मंगू पर लगा है। इस घटना में एक युवक घायल भी हुआ है। कपूरथला पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। घायल प्रदीप सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे के बाद वह अपने साथी दोस्त कबड्डी खिलाड़ी अरविंदरजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह, बलराज सिंह पड्डु पुत्र परमजीत सिंह, गुरजीत सिंह पुत्र दीदार सिंह, मंगल सिंह पुत्र हरजाप सिंह निवासी लखन के पड्डे के साथ इंडेवर गाड़ी में गांव को आ रहे थे। गाड़ी को मनिंदर सिंह पुत्र दलबीर सिंह चला रहा था। जब गाड़ी बड़े लखन के पड्डे के पास गांव की तरफ मुड़ी तो थोड़ा आगे सड़क के किनारे ग्राउंड में एक कार खड़ी थी। इस कार के पिछले शीशे पर कपड़े के पर्दे लगे हुए थे। हमने इस कार को संदिग्ध समझते हुए अपनी गाड़ी उस कार के पास जाकर खड़ी की तो उन्होंने कार को गांव की तरफ भगा ली तो हमने उस गाड़ी का पीछा करते हुए उस कार को गांव की फिरनी के पास रोक लिया। कार को चैक करना चाहा तो कार में से एएसआई परमजीत सिंह पुत्र विरसा सिंह निवासी बामूवाल निकला। उसके हाथ में रिवाल्वर थी। उसने बिना कोई बात किए अरविंदरजीत सिंह और उसके साथियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोलियां अरविंदर जीत सिंह ऊर्फ पड्डु पहलवान की छाती, कंधे और फेफड़ों में लगी। बाकी लोगों ने गाड़ी के पीछे छिपकर किसी तरह जान बचाई। इसके बाद अरविंदर को सुभानपुर के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल वालों ने उसे दाखिल नहीं किया।






